नवदुनिया
भोपाल, सोमवार, 24 नवंबर, 2025

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का मुख्यमंत्री कल करेंगे लोकार्पण

## तैयारी ● बैडमिंटन नेट लगा और टेबल टेनिस लोकार्पण के लिए स्थान तय

नवदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः आठ साल के लम्बे इंतजार के बाद कोलार स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम आम जनता को समर्पित होगा। 25 नवंबर को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सुबह 10 बजे इसका लोकार्पण करेंगे। इस मौके खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग और स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहेंगे। बता दें कि कोलार में पिछले सात माह से स्टेडियम बनकर तैयार था। खेल विभाग के अनुसार कुछ शेष कार्य के चलते इसकी सुविधाएं आम जनता को नहीं मिल पा रही थी।

पिछले एक सप्ताह से खेल विभाग और लोकनिर्माण विभाग, नगर निगम और तहसील कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी इसकी तैयारियों में जुटे हैं। स्टेडियम के मल्टी परपस हाल में बैडमिंटन की नेट्स लग गई है। वहीं टेबल टेनिस की टेबलें भी लगा दी गई हैं। जिम और स्पोटर्स साइंस सेंटर लगभग तैयार हैं। फुटबाल और क्रिकेट के मैदान को समतल और हराभरा कर दिया गया है। इसके अलावा शुभारंभ स्थल पर तैयारिया की जा रही है।



शुभारंभ की तैयारिया जोरों पर है। ● सौजन्य : आयोजक



कोलार स्टेडियम में बैडमिंटन नेट लग गई है। ● सौजन्य : आयोजक



टेबल टेनिस की टेबल रख दी गई है। ● सौजन्य : आयोजक

उल्लेखनीय है कि 11 एकड़ क्षेत्र में लगभग 11 करोड़ की लागत से यह स्टेडियम तैयार किया गया है, इससे क्षेत्र की लगभग तीन लाख के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इसमें भविष्य में बाक्सिंग, वालीबाल, मलखंब, फेंसिंग जैसे खेलों की सुविधाएं भी बनाए जाने की योजनाएं प्रस्तावित है।

पीपुल्स समाचार

# कोलार का स्टेडियम, जहां नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, फुटबॉल समेत 16 गेम्स होंगे

## सीएम डॉ. यादव कल करेंगे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का शुभारंभ

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 972479963

कोलार रोड पर प्रदेश का पहला स्टेडियम बनकर तैयार हैं। यहां नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, फुटबॉल, बैडमिंटन समेत 16 गेम्स खेले जा सकेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का शुभारंभ मुख्यमंत्री 25 नवंबर को सुबह 10 बजे करेंगे।

11 एकड़ में 10 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम का निर्माण किया गया है। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि यहां सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं, पार्किंग की सुविधा भी बेहतर है।



भोपाल। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम बनकर हुआ तैयार।

कोलार में स्टेडियम बनने के बाद अब खिलाड़ियों को 12 किमी दूर टीटी नगर स्टेडियम तक नहीं जाना पड़ेगा। यहां 16 गेम्स की सुविधा रहेगी।

**विधायक ने किया निरीक्षण:** विधायक रामेश्वर शर्मा ने नवनिर्मित खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए।